ईओ के ई-मित्र संचालकों को कड़े निर्देश, चेतावनी दी

छबड़ा (निसं)। शहरी सेवा षिविर के तहत ई-मित्र संचालक फाईलों के नाम पर जमकर चांदी कूट रहे हैं। जिससे आमजन स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा हैं। इस पर कार्यवाहक ईओ ने ऐसे ई-मित्र संचालको को कडे निर्देषित देते हुए षिकायत मिलने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 17 सितम्बर से शुरू हो चुके हैं। उनके संज्ञान में आया कि क ई-मित्र संचालक आमजन से संबंधित कार्यों की फाइलों के लिए अधिक राशि वसूल रहे हैं। ई-मित्र संचालक आवेदकों से सभी कार्य करवाने का ठेका लेकर उनसे मनमानीपूर्वक पैसे लूट रहे हैं। शिकायत मिलने के उपरांत त्वरित कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील कि है कि कैंपों में ही ई-मित्र संचालकों की व्यवस्था की गई है, वे अपने ई-मित्र से संबंधित कार्य वहीं से करवाए और कैंपों में आने के बाद जानकारी लेने के पश्चात् ही पत्रावलियां ऑनलाइन कराए ताकि अनावश्यक खर्चा न हो।

टूटी सड़कों की मरम्मत कर सुगम बनाएं, बजट घोषणा के कार्यों में तेजी लाएं : ऊर्जा मंत्री

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सर्किट हाऊस में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने बजट घोषणा के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली।

वहीं विधायक कोष, नरेगा के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बरसात का दौर अब जा चुका है। ऐसे में, जहां पर सड़कें टूटी हुई हैं। उनके निर्माण तुरंत कराकर सभी रास्तों को सुगम बनाया जाए। जहां सड़कों की स्थिति ज्यादा खराब है। वहां प्राथमिकता से सड़क दुरुस्तीकरण हो। इसके साथ ही बजट घोषणाओं में जो काम स्वीकृत हुए हैं। उन कार्यों के निर्माण में भी तेजी लाई जानी चाहिए। ऊर्जा मंत्री नागर ने अधिकारियों से कहा कि जल भराव वाले स्थानों पर निकासी के कार्य अभी से प्रारम्भ करें। ताकि अगले वर्ष यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

तालाब, नाला, सड़क आदि के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सभी कार्यों की अधिकारी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि पूर्व में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की बैठक ली

शमसान को लेकर निर्देश दिए थे। हर गांव में शमशान तक अप्रोच सड़क निर्माण कराया जाए। शमशान को आबादी में मानकर ही कार्य कराए जाएं। नागर ने कहा कि गांव में कीचड़ का स्थाई समाधान होना चाहिए। वहीं सड़कों की चौड़ाई भी पर्याप्त हो, इसका ध्यान रखें। सड़कों के किनारों पर जो बंबूल और झाड़-झंकार उगते हैं, उन्हें समय पर हटाया जाए। जलभराव के स्थान पर ड्रेनेज सिस्टम पर्याप्त हो और उनकी सफाई की भी पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। नहरी पानी सड़कों को खराब ना करें इसको ध्यान में रखा जाना चाहिए।

हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर वकीलों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया

कोटा, (निसं)। पिछले लम्बे समय से चली आ रही हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग को लेकर शनिवार को बार एसोसिएशन द्वारा न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया गया तथा वकीलों ने रैली निकालकर जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष मनोज पुरी ने कहा कि हाड़ौती क्षेत्र की जनता गत 25 वर्षों से हाईकोर्ट बेंच की माँग को लेकर आंदोलन कर रही है तथा दूरदराज के क्षेत्र के सहरिया आदिवासी गरीब लोगों के लिए जयपुर जाकर न्याय प्राप्त करना बहुत कठिन होता है। हाईकोर्ट जयपुर में 40 प्रतिशत से अधिक कार्य कोटा संभाग का है, कोटा में रेल सड़क बिजली पानी की पर्याप्त सुविधा है इस कारण कोटा हर तरह से हाईकोर्ट बेंच की कसौटी पर खरा उतरता है। मनोज पुरी ने कहा कि कोटा की उपेक्षा कर अन्य स्थान पर बेंच खोली गई तो जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अभिभाषक परिषद के महासचिव अजय श्रृंगी सहित एडवोकेट महेश शर्मा, एडवोकेट अख्तर खान अकेला, एडवोकेट नवीन शर्मा, एडवोकेट प्रमोद शर्मा एडवोकेट श्याम चौधरी, एडवोकेट कन्हैया लाल शक्यवाल, एडवोकेट गोपाल चौबे, एडवोकेट रवि विजय, एडवोकेट रमेश कुशवाहा सहित कई एडवोकेट मौजूद थे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति भूखण्ड संख्या 47, जिसकी पैमाइश 223.33 वर्गगज है जो वाके गायत्री विहार, ग्राम बोरखेड़ा, तहसील लाड़पुरा, जिला कोटा (राजस्थान) में स्थित हैं, उक्त भूखण्ड को नगर विकास न्यास कोटा से श्री निर्मल कुमार को जरिये रजिस्टर्ड पट्टा विलेख (लीज डीड) दिनांक 15.03.2013 जिसका पंजीयन दिनांक 24.03.2013 को प्राप्त हुई थी तत्पश्चात् श्री निर्मल कुमार सोलंकी उर्फ निर्मल कुमार टॉक ने उक्त भूखण्ड एवं अन्य सम्पत्ति का जरिये वसीयतनामा दिनांक 21.11.2017 को श्रीमती मीना कुमार के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात श्री निर्मल कुमार सोलंकी उर्फ निर्मल कुमार टॉक का स्वर्गवास दिनांक 25.01.2020 को हो गया, एवं श्री निर्मल कुमार सोलंकी उर्फ निर्मल कुमार टॉक के स्वर्गवास के पश्चात् उनके विधिक वारिसान् श्रीमती मीना कुमार वसीयतनामा दिनांक 21.11.2017 के अनुसार उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक व काबिज हो गई। तत्पश्चात् नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा नाम हस्तान्तरण दिनांक 27.10.2021 को श्रीमती मीना कुमारी के पक्ष में जारी किया हुआ हैं, तत्पश्चात् श्रीमती मीना कुमारी ने उक्त भूखण्ड का बेचान करने का करार श्री शारिक खान एवं श्रीमती शाहिस्ता खान से कर लिया है। जिस बाबत् मेरे अभिभाष्य श्री शारिक खान पुत्र श्री शरिफ खान एवं श्रीमती शाहिस्ता खान पत्नी श्री शरिफ खान वित्तीय संस्था LIC Housing Finance Ltd. से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक, स्वामित्व कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

For SRM PARTNERS, KOTA
Off. No., 127, Santwani Sadan, Ballabh Bari, Kota M. 7737426847

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकारा श्रीमती रीना चावला पत्नी स्व. श्री कृपाल दास चावला आयु 62 वर्ष जाति सिन्धी निवासिनी फ्लेट नं. 301, शिव पैलेस, तृप्ति आवास, बजरंग नगर कोटा, राज. के पुत्र श्री निखिल चावला पुत्र कृपाल दास आयु 31 वर्ष निवासी c/o राजकुमार आहूजा फ्लैट नं. 101, 937/938, गेट वेल हॉस्पिटल के पास, दीनदयाल उपाध्याय नगर, कोटा राज. द्वारा श्रीमती ज्योति साह पुत्री दिनेश साह पता डी जेड 849, पटेल नगर, सेक्टर-4, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा से मेरी पक्षकारा की इच्छा के विरुद्ध दिनांक 29.05.2024 को विवाह कर लिया है और विवाह के पश्चात से ही मेरी पक्षकारा का पुत्र श्रीमती ज्योति साह के प्रभाव में होने से मेरी पक्षकारा के कहने में नहीं है और न ही उसकी कोई देखभाल करता है और आये दिन अपनी पत्नी ज्योति साह के उकसाने पर मेरी पक्षकारा की संपत्तियों को खुर्द-बुर्द करने और अपने नाम पर करने के लिए मेरी पक्षकारा के साथ लड़ाई-झगड़ा करता है जिसकी वजह से मेरी पक्षकारा मजबूर होकर अकेली निवास करती चली आ रही है और श्री निखिल चावला के कृत्यों से व्यथित होकर मेरी पक्षकारा अपने पुत्र श्री निखिल चावला को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति, जात व जायदाद और अपनी मालिकाना हक की दुकान संख्या 179, न्यू क्लॉथ मार्किट, कोटा राज. से पूर्ण रूप से बेदखल करती है, और आज दिनांक के बाद से मेरी पक्षकार का श्री निखिल चावला और उसकी पत्नी ज्योति साह से कोई रिश्ता और सरोकार, लेना-देना नहीं होगा इसलिए कोई भी व्यक्ति उपरोक्त श्री निखिल चावला व ज्योति साह से मेरे पक्षकार की संपत्तियों और उपरोक्त दुकान के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार न करे और यदि किसी के द्वारा फिर भी इनसे कोई संव्यवहार किया जाता है तो मेरी पक्षकारा के द्वारा की गई कानूनी कार्यवाही के फलस्वरूप होने वाले परिणामों व नुकसान की जिम्मेदारी ऐसे संव्यव्हारी की स्वयं की होगी।

कोटा
दिनांक 20.9.25

भवदीय
स्वाति चतुर्वेदी एडवोकेट

हाड़ौती की चित्रशैली सर्वश्रेष्ठ, देशभर में है विख्यात

कोटा, (निसं)। कला साहित्य और सांस्कृतिक एवं पुरातत्व विभाग राजस्थान एवं राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सर्जन पखवाड़े के अंतर्गत कोटा में 20 से लेकर 25 सितम्बर तक लघु चित्रण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ शनिवार को कलादीर्घा में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निखिलेश सेठी इंटक कन्वीनर कोटा चैप्टर एवं विशिष्ट अतिथि एएच जेदी

- लघु चित्रण कार्यशाला का शुभारंभ, युवाओं में कला के प्रति दिखा उत्साह

कोटा कला दीर्घा में लघु चित्रण कार्यशाला आयोजित हो रही है।

हेरिटेज प्रमोटर हाड़ौती संभाग रहे। मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि निखिलेश सेठी ने कहा कि हाड़ौती की कला देश में विख्यात है, राजा-महाराजाओं के चित्र से लेकर यहां की संस्कृति, धरोहर और कला के प्रति जो रुझान है वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि ए आई के समय में इस हाड़ौती की चित्रशैली को लेकर कई विचार आ रहे हैं, लेकिन ऐसा संभव है कि एआई के कारण यह कला और भी आगे बढ़ सकती है।

राष्ट्रीयस्तर के प्रसिद्ध चित्रकार शंभू सिंह चौबदार पांच दिनों तक बच्चों और बड़ों को हाड़ौती की चित्रशैली से अवगत कराएंगे और उन्हें चित्रण की बारीकियां सिखाएंगे।

चौबदार ने इस दौरान चार मिनट में हाड़ौती चित्र बनाया गया। उन्होंने कहा कि हाड़ौती की चित्र शैली को सीखना है तो संयम और एकाग्रहता बेहद आवश्यक है। हाड़ौती के हेरिटेज प्रमोटर एएच जेदी ने कहा कि हाड़ौती चित्र शैली में चित्रों की बड़ी श्रृंखला है, युवाओं का यहां आना इस कला के प्रति रुझान दिखाने से लगता है कि इस कला को और आगे ले जाया जा सकता है। शिविर के समन्वयक डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि पांच दिवसों तक चलने वाले शिविर में हाडोती चित्र कला की बारीकियां सिखाई जाएगी।

सांस्कृतिक सर्जन पखवाड़े के दौरान सभी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। नि:शुल्क प्रशिक्षण को कोई भी विद्यार्थी एवं अन्य यहां आकर प्राप्त कर सकता है। इस शिविर के माध्यम से हाड़ौती की विरासत को बचाने का प्रयास है और युवाओं को इससे जोड़ने से नई सोच के साथ कला को उच्च स्थान प्राप्त होगा। इस दौरान साहित्यकार गोविंद हांकला, हाड़ौती चित्रशैली के ज्ञाता, कलाकार, कलाप्रेमी, स्टूडेंट और आमजन उपस्थित रहा।

प्रचार-प्रसार के अभाव में शहरी सेवा शिविर का आमजन को नहीं मिल रहा लाभ

छबड़ा (निसं)। राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर का आमजन को प्रसार प्रसार के अभाव में लाभ नही मिल पा रहा है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा शिविर के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा हैं, इन शिविरो में आमजन को किसी प्रकार की छूट नही मिलने के कारण यह शिविर फ्लॉप शो साबित हो रहे है।

नगर अध्यक्ष हरीश माहेश्वरी ने बताया कि शिविरों में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, नई लाइट लगाने, टूटे फेरे कवर, क्रॉस व ब्लैक स्पॉट दुरुस्ती, सड़क पेचवर्क, सार्वजनिक पार्क व शौचालय मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर कार्य जैसे मूलभूत कामों के अलावा कार्यालय में लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, पट्टे जारी करना स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती, 69-ए कृषि भूमि आदि भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण व भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, एसबीएम 2.0 आदि योजनाओं के आवेदन निपटाए जाने का प्रावधान है।

लेकिन जमीनी हकीकत यह है

- कांग्रेस नगर अध्यक्ष का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा शिविर के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है

कि कहीं जिम्मेदार अधिकारी समय पर मौजूद नहीं रहते, तो कहीं शिविरों की सूचना आम लोगों तक पहुँच ही नहीं पाती।

यही नहीं, मीडिया को भी शिविरों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही। शिविरों में कितने लाभार्थियों के काम हुए, इसका ब्यौरा तक साझा नहीं किया जा रहा। नतीजा यह कि पूरी पारदर्शिता पर सवाल खडे हो रहे हैं।

नगर अध्यक्ष माहेश्वरी ने बताया कि उनकी कांग्रेस सरकार में आमजन को पालिका से संबंधित सभी कार्यों में भरपूर छूट दी गई थी और हजारों लोगों को शिविर से लाभांवित किया जा चुका हैं। परंतु, भाजपा सरकार शिविर के नाम पर छूटी वाही-वाही लूट रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शिविरों का प्रबंधन और प्रचार-प्रसार बेहतर किया जाए तो यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो सकता है अन्यथा यह भी केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

दो किलो मादक पदार्थ अफीम सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए मुखबीर की सूचना पर नीमच जिले के जावद तहसील में मोरवन के पास कार्यवाही करते हुए 2.700 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर सप्लाई के लिये जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन कोटा की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके पर रवाना किया गया। उपनारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी और उक्त व्यक्ति की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद उसे मोरवन के पास रोक लिया गया। उपनारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति ने भागने कोशिश की, लेकिन निवारक दल ने उसे पकड़ लिया।

नाम परिवर्तन

मैं, हवलदार लिम्बुले पांडुरंग एस (रैक नं. 15680988N), निवासी ग्राम म्हालुंगी, पोस्ट म्हालुंगी, तहसील चाकुर, जिला लातूर (महाराष्ट्र) घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम रिकॉर्ड में तुलशीराम है, जबकि सही नाम तुलसीराम पांडुरंग लिम्बुले है।

मैं ज्योति पांडुरंग लिम्बुले, पत्नी हवलदार लिम्बुले पांडुरंग एस (रैक नं. 15680988N), निवासी ग्राम-म्हालुंगी, पोस्ट-म्हालुंगी, तहसील-चाकूर, जिला-लातूर, महाराष्ट्र-413513, सूचित करती हूँ कि मेरा सही नाम ज्योति पांडुरंग लिम्बुले है।

पश्चिम मध्य रेल

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) पश्चिम मध्य रेलवे/कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा IREPS पोर्टल पर दिनांक 10.10.2025 को 15:00 बजे बंद हो जायेगी तथा उसी दिन 15:30 बजे पर खोली जायेंगीः- टैंडर नं.: वरि.म.या.अभि/प.म.रे/कोटा/13-2025-26, कार्य का विवरणः कोटा-यात्री गाड़ियों के लिए कोटा स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों पर स्काडा आधारित त्वरित जल व्यवस्था में सुधार का कार्य, अनुमानित लागतः ₹ 8,45,38,521.66, बयाना राशिः ₹ 5,72,700.00, कम्लीशन पीरियडः 15 माह, निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः 10.10.2025 at 15:00, निविदा खुलने की दिनांक एवं समयः 10.10.2025 at 15:30. नोटः रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट से उतारा जा सकता है। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

नाम परिवर्तन

मैं खुशबू सेन (अधीक्षक संस्कार चिल्ड्रन केयर होम बालिका गृह नयापुरा कोटा) सूचित करती हूं कि हमारे संस्थान में एक बालिका का नाम रियान पुत्री स्व. भजनलाल हो रहा है जबकि उसके राशन कार्ड में उसका सही नाम निहाल बाई पुत्री दुर्गालाल है जो कि सही है। भविष्य में उसे निहाल बाई नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम गल्ती से मोना बाई पुत्री जालिम सिंह जादौन कर दिया था, जबकि मेरा सही नाम मोना है। भविष्य में मुझे मोना पुत्री जालिम सिंह जादौन के नाम से जाना जावें। **पता-मोना, सी-160 मदर टेरेसा की गली इन्द्रा कॉलोनी विज्ञान नगर, कोटा**

खोया पाया

मेरे मकान नं. 3-L-21 दादाबाडी विस्तार योजना कोटा के मूल दस्तावेजों में आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, इन्वेन्ट्री (भौतिक कब्जा) एवं अदेय प्रमाण पत्र कही गुम हो गये है। जिस किसी को मिले सूचित करें।
प्रेम लता खण्डेलवाल म.नं. 3-L-21 दादाबाडी वि.यो. कोटा मो.नं. 7597307327

खोया पाया

सोहन चंद पुत्र गाडरमल 1-E-15 कुन्हाड़ी कोटा के नो-ड्यूज सर्टिफिकेट के मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गये है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

देश संविधान से चलता है लोकतंत्र की हत्या से नहीं : देशराज मीणा

कोटा, (निसं)। देशभर में हो रही कथित वोटो की चोरी के खिलाफ व लोकतंत्र को बचाने के लिए एआईसीसी, पीसीसी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को कांग्रेस कार्यालय, गुमानपुरा में वोट की चोरी एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर वरिष्ठ नेताओं सहित कांग्रेसजनों ने पीसीसी से आये फॉर्म में हस्ताक्षर कर शुरुआत की गई।

हस्ताक्षर अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए कोटा प्रभारी देशराज मीणा ने कहा कि देश संविधान से चलता है लोकतंत्र की हत्या से नहीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चुनाव आयोग को फर्जी वोटर की लिस्ट बता रहे है और चुनाव आयोग हलफनामा मांग कर देश की जनता का ध्यान भटका रहे है।

लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि राहुल गांधी ने वोटों की चोरी का पर्दाफाश किया है देश की जनता के सामने वोटो की चोरी का वीडियो सार्वजनिक कर दिया है लेकिन चुनाव आयोग घबराहट में अनर्गल बयानबाजी कर जवाब देने से कतरा रहे है उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी प्रवक्ता के रूप में जवाब दे रहे ये लोकतंत्र की हत्या है इस हस्ताक्षर अभियान को आगे बढ़ाना है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि देश मे करोड़ो वोटो की चोरी का खुलासा राहुल गांधी ने किया है मोदी सरकार ने वोटो की चोरी करवाकर बेईमानी से सत्ता हासिल की है।

वोट चोर गद्दी छोड़ प्रभारी सत्येश शर्मा ने कहा कि इस अभियान में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। पूर्व महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम ने सभी कार्यकर्ताओं को हस्ताक्षर अभियान को वार्ड तक लेजाने पर जोर दिया। लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुडू ने कहा कि राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी आवाज को बुलंद कर सहयोग करे। रामगंजमंडी विधानसभा प्रत्याशी रहे महेन्द्र सिंह राजोरिया ने सभी कांग्रेसजनों से इस हस्ताक्षर अभियान में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। बैठक का संचालन कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित सं महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया। बैठक में पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, मंजूर तंवर, उपमहापौर पवन मीणा, उपाध्यक्ष जगदीश थाड़ा, रामेश्वर सुवालका कोषाध्यक्ष दीलीप पाठक, महामंत्री विपिन बरथुनिया, धर्मा गोचर, प्रकाश मलकानी, इसरार मोहम्मद, कपिल शर्मा, प्रशांत सक्सैना सहित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता, कमेटी के पदाधिकारी गण, पीसीसी पदाधिकारी सदस्यगण, नगर निगम के पार्षदगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण आदि उपस्थित थे।

वैष्णो देवी ज्योति मंदिर पर ज्योत स्थापना कल

कोटा, (निसं)। कोटा के प्रसिद्ध वैष्णो देवी ज्योति मंदिर, दादाबाड़ी पर नवरात्र धूमधाम से मनाए जाएंगे। प्रबंधक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि मंदिर पर नवरात्र में माँ चिंतपूर्णी तथा माँ ज्वाला देवी की पवित्र ज्योत के दर्शन होंगे।

सनमीत सिंह बंटी मां ज्वाला देवी से पवित्र ज्योत लेकर शनिवार को कोटा पहुंचे। ऐसे में बड़ी संख्या में भक्तों ने ज्वाला देवी, चिंतपूर्णी माता और वैष्णो देवी के जयकारों के साथ आतिशबाजी कर नाचते-गाते पवित्र ज्योत की अगवानी की।

पवित्र जोत लेने के लिए सनमीत सिंह बंटी के साथ जसवीर सिंह, राहुल सिक्का, विनोद सैनी, सतीश छाबड़ा भी गए थे। सनमीत सिंह ने बताया कि नवरात्र स्थापना पर सोमवार को प्रात: 7.30 बजे मंदिर में पवित्र ज्योत की भी विधि-विधानपूर्वक स्थापना होगी। इसके बाद नवरात्र के दौरान दर्शनार्थी पवित्र ज्योति के दर्शन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि पर्व पर विशेष भव्यता के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारियाँ की गई हैं। इस बार मंदिर को अत्यंत सुंदर और आकर्षक रूप से सजाया गया है।

प्रतिदिन माँ का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें माँ को चाँदी का छत्र भी अर्पित किया जाएगा। प्रतिदिन संध्या आरती के पश्चात भक्तों द्वारा फलाहारी प्रसाद सेवा की जाएगी।

श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति आज

कोटा, (निसं)। कार्ष्णि सेवा समिति की ओर से गीता भवन पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को कथाव्यास राष्ट्रीय संत कार्ष्णि ब्रह्मानंद बालयोगी महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं का वर्णन किया। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। यजमान गीता देवी मूंदड़ा और कमल माहेश्वरी ने भागवत पूजन कर कथा का शुभारम्भ कराया। इस दौरान बालयोगी महाराज ने कहा कि भगवान ने मिट्टी खाकर अपने मातृभूमि के महत्व को बताया था। उन्होंने कहा कि जहां गौ सेवा होती है, वहां गोपाल आवश्यक होते हैं। पूतना वध के प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा व्यास बालयोगी महाराज ने कहा कि जो कन्या भ्रूण हत्या करते हैं, वे नर-नारी पूतना के समान ही हैं। यदि लड़कियां नहीं होगी तो सृष्टि का अंत हो जाएगा। जिस घर में कन्या का जन्म होता है, वह सौभाग्यशाली होते हैं। उस घर से नकारात्मकता चली जाती है। बालयोगी महाराज ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी अपने धर्म, अपने भगवान को नहीं मानते हैं। लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत, रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जाएगी।

हिंदी माह के उपलक्ष में गीत गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

कोटा, (निसं)। 14 सितम्बर से 14 अक्टूबर के अंतर्गत हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमयी बना दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, लगाव एवं अभिव्यक्ति की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना रहा।

निर्णायक मंडल में बाह्य निर्णायक के रूप में कोटा की सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन सुर, ताल, भावाभिव्यक्ति एवं उच्चारण के आधार पर किया। आंतरिक निर्णायक की भूमिका क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक नरेश सैनी एवं आशुतोष कुमार ने निभाई।

प्रतियोगिता में संजीव शर्मा ने प्रथम स्थान, विजेंद्र सिंह सिकरवाल एवं हेमंत शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा आकाश भुट्टा एवं अमित देवागन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ-साथ नेहा जैन, रामकृष्ण साहू एवं सुमित जैन ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मधुर आवाज से उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और एकता की भाषा है।

इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों को प्रेरित करने के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।" कार्यक्रम के दौरान सभी कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिंदी भाषा के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा इसके लिए उन्हें शपथ भी दिलवाई गई।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और प्रयोग के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा हिंदी माह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कोटा में आयोजित हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा ने पुरस्कृत किया है।

ऊर्जा मंत्री आज बपावर क्षेत्र में

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को बपावर क्षेत्र में रहेंगे।

इससे पहले सांगोद नगर में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे और नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड

CIN: L99999RJ1985PLC046460
पंजीकृत कार्यालय: हाउस नंबर 30, दूसरी मंजिल, डी.ए.वी स्कूल केई पास, तलवंडी, कोटा, 324005, राजस्थान
वेबसाइट: www.chambalkota.in दूरभाष न.: 0744-3500607
ईमेल आईडी: chambalbreweries@gmail.com

40वीं वार्षिक सामान्य सभा (AGM) के स्थगन की सूचना

चम्बल ब्रुअरीज एंड डिस्टिलरीज़ लिमिटेड की 40वीं वार्षिक सामान्य सभा ("AGM"), जो **शनिवार, 20 सितम्बर 2025 को दोपहर 12.00 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जानी थी, *कोरम की अनुपलब्धता* के कारण आयोजित नहीं हो सकी। अतः, यह सभा अब स्थगित कर दी गई है और यह **शनिवार, 27 सितम्बर 2025 को दोपहर 12.00 बजे** *उसी स्थान पर* आयोजित की जाएगी। सभा में वही कार्यवाही की जाएगी जो मूल सूचना दिनांक **26 जुलाई 2025** में निर्धारित की गई थी। सभा हेतु नई उपस्थिति-पत्रक कंपनी की वेबसाइट www.chambalkota.in पर उपलब्ध है।

स्थान: कोटा
दिनांक: 20.09.2025

चम्बल ब्रुअरीज एंड डिस्टिलरीज़ लिमिटेड की ओर से
Sd/-
ललित मोदी (कंपनी सचिव)